# नर्मदा कॉलेज में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर हुआ साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अकादमिक गतिविधियों के कैलेंडर अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर पर्यावरण सामाजिक और शासन की उत्कृष्ट के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर परिचर्चा एवं साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ के जी मिश्र कार्यक्रम के उद्देश्य और विषय की गंभीरता पर गहन चिंतन की आवश्यकता जाहिर की।तत्पश्चात प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा एक ज्वलंत मुद्दा है। इस विषय पर कई स्तरों पर विमर्श चल रहा है। यह कार्यक्रम भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। डॉ सुनील कुमार दिवाकर, एनसीसी अधिकारी यास्मीन खान, डॉ ईरा वर्मा और बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक , बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन एवं आभार डॉ संतोष कुमार अहिरवार के द्वारा किया गया।

# नर्मदा कॉलेज में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर हुए जागरूकता कार्यक्रम



**स्वतंत्र इंडिया, नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अकादमिक गतिविधियों के कैलेंडर राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर पर्यावरण सामाजिक और शासन की उत्कृष्ट के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर परिचर्चा एवं साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे ने अपने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा एक ज्वलंत मुद्दा है। इस विषय पर कई स्तरों पर विमर्श चल रहा है। वैज्ञानिक और चिंतनशील विचारक इस विषय पर कार्य कर रहे हैं। सुरक्षा के मापदंडों को खोजा जा रहा है। समाधान के प्रयास मे सरकार चिंतनशील है। साइबर सेल अधिकारी संदीप यदुवंशी ने साइबर सुरक्षा विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि साइबर फ्रॉड उस दिन होता है जिस दिन अक्सर बैंक बंद होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को फाइनेंशियल और सोशल मीडिया जैसे माध्यमों से साइबर फ्रॉड हो रहा है। अनाधिकृत मेल अनाधिकृत लिंक ना खोलें, नहीं तो आप साइबर क्राइम के शिकार हो सकते हैं। टोल फ्री नंबर 1930 पर आप शिकायत कर सकते हैं। 13 एमपी बटालियन से आए सूबेदार मोहर सिंह ने देश की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर अपनी बात को रखते हुए बताया कि, हम ट्रैफिक नियमों का पालन करें। अपने आप को सुरक्षित करें जिससे आप भी सुरक्षित होंगे।

दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 06-03-2025

# नर्मदा कॉलेज में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर साइबर सुरक्षा पर विचार विमर्श

**नर्मदापुरम|** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नर्मदा कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर पर्यावरण सामाजिक और शासन की उत्कृष्ट के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर परिचर्चा एवं साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान हुआ। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. केजी मिश्र कार्यक्रम के उद्देश्य और विषय की गंभीरता पर गहन चिंतन की आवश्यकता जाहिर की। प्राचार्य डॉ. रामकुमार चौकसे ने कहा राष्ट्रीय सुरक्षा एक ज्वलंत मुद्दा है। इस विषय पर कई स्तरों पर विमर्श चल रहा है। साइबर सेल अधिकारी संदीप यदुवंशी ने साइबर सुरक्षा विषय पर कहा कि साइबर फ्रॉड उस दिन ज्यादा होता है जिस दिन बैंक बंद होते हैं। 13 एमपी बटालियन से पधारे हुए सूबेदार मोहर सिंह ने कहा हम ट्रैफिक नियमों का पालन करें और अपने आप को सुरक्षित करें। नेहरू युवा केंद्र की जिला अधिकारी मोनिका चौधरी ने भी मंच साझा किया। पर्यावरणविद् डॉ. रवि उपाध्याय ने पर्यावरण जैसे मुद्दे पर अपनी बात रखी। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. हंसा व्यास ने कहा हमें सांस्कृतिक दृष्टि से अपनी विचारधारा में स्वास्थ्य वातावरण निर्मित करें। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। डॉ. सुनील कुमार दिवाकर, एनसीसी अधिकारी यास्मीन खान, डॉ. ईरा वर्मा और बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक , बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन एवं आभार डॉ. संतोष कुमार अहिरवार के द्वारा किया गया।